**आकाशवाणीश्रीविजयपुरम**

दिनांक : 08.08.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. भारत के उपराष्ट्रपति अंडमान निकोबार द्वीप समूह के दो दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुचेंगे।
2. वी वी आई पी दौरे को देखते हुए दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने ड्रोन एवं अन्य हवाई गतिविधियों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है।
3. समग्र शिक्षा के तहत नानकौरी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान एवं मूल्यांकन शिविर आयोजित किया जाएगा।
4. नशा मुक्त अभियान के तहत आयोजित डीसी–एसपी कप अंतर–ग्राम पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट का कल कॉर्बिन्स कोव तट, में हुआ समापन।

<><><><><><><>

भारत के उपराष्ट्रपति आज द्वीप समूह के दौरे पर श्री विजयपुरम पहुचेंगे। इस दौरान वे शाम को राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल का दौरा करेंगे और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वे स्वतंत्रत ज्योति पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और वीर सावरकर सेल में जाकर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। उपराष्ट्रपति राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल परिसर स्थित केन्द्रीय टावर, फांसी स्थल और संग्राहल प्रदर्शनी गैलरी का भी दौरा करेंगे। इसके बाद लाइट एंड शो भी देखेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल उपराष्ट्रपति फ्लैग प्वाइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर "हर घर तिरंगा अभियान" में भाग लेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति डॉ बी आर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागर में आयोजित कार्यक्रम वन्दे मातरम् के अवसर पर राजकीय समारोह तिरंगा संगीत में शामिल होंगे। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद दोपहर में उपराष्ट्रपति नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप का भी दौरा करेंगे। अपनी यात्रा पूरी कर कल शाम नई दिल्ली लौटेंगे।

<><><><><><><>

भारत के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन अंडमान निकोबार द्वीप समूह के दो दिवसीय दौरे को देखते हुए दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से ड्रोन एवं अन्य हवाई गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और वी वी आई पी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण अंडमान, जिला मजिस्ट्रेट, पूर्वा गर्ग, द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जारी आदेश के अनुसार वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल, फ्लैग प्वाइंट तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के आसपास ड्रोन और अन्य हवाई संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पैराग्लाइडिंग, पैरा–जंपिंग तथा अन्य हवाई मनोरंजक गतिविधियां भी प्रतिबंधित रहेंगी। यह प्रतिबंध आज और कल के लिए लागू रहेगा।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में वी वी आई पी दौरे के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आज दोपहर बारह बजे से दो बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम सात बजे तक वी आई पी रोड और सेल्यूलर जेल मार्ग पर यातायात नियंत्रित रहेगा। वहीं, कल सुबह साढ़े सात बजे से ग्यारह बजकर पैंतालिस मिनट तक और दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम 6 बजे तक मरीना पार्क सड़क से फ्लैग प्वाइंट, वी आई पी रोड, डॉलीगंज स्थित डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और फिनिक्स बे जेट्टी मार्ग तक यातायात नियंत्रित रहेगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से निर्धारित समय के दौरान इन मार्गों से बचने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को इन मार्गों से आवागमन की अनुमति रहेगी।

<><><><><><><>

फिनिक्स बे जेट्टी से संचालित सभी हार्बर फेरी सेवाएं कल दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम छ बजे तक प्रशासनिक कारणों से निलंबित रहेंगी। इस अवधि के दौरान फिनिक्स बे और बम्बूफ्लाट जेट्टी के बीच आपातकालीन फेरी सेवा जारी रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए निलंबन अवधि में चाथम जेट्टी से बम्बूफ्लाट और होपटाउन के लिए अतिरिक्त यात्री फेरी सेवाएं संचालित की जाएंगी।

शाम छ बजे के बाद फेरी सेवाएं नियमित कर दी जाएंगी। प्रशासन ने सभी यात्रियों और पर्यटकों से अपने आवागमन की योजना इसी के अनुसार बनाने की अपील की है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के तहत ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय, नानकौरी द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान मूल्यांकन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन 12 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कपांगा तथा 13 अगस्त को राजकीय मॉडल माध्यमिक विद्यालय, कमोर्टा में होगा। इस दौरान बच्चों की प्रारंभिक पहचान, व्यापक आकलन और दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करने की प्रक्रिया की जाएगी। साथ ही पात्र बच्चों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और आवश्यक सहायता सेवाओं से जोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आकलन के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों, पुनर्वास विशेषज्ञों, शैक्षिक एवं व्यावसायिक आकलन विशेषज्ञों तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के प्रतिनिधियों सहित बहु–विषयक टीम मौजूद रहेगी।

<><><><><><><>

हज समिति ने हज–2027 के लिए प्रशिक्षकों के चयन हेतु पात्र व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार हज समिति की वेबसाइट पर 11 से 23 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके लिए 12वीं कक्षा उत्तीर्ण और 25 से 60 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार पात्र होंगे। आवेदक का पिछले पांच वर्षों में हज किया होना आवश्यक है। इसके साथ ही उसे अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी या किसी स्थानीय भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

नशा मुक्त अभियान के तहत आयोजित डीसी–एसपी कप अंतर–ग्राम पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट का कल कॉर्बिन्स कोव तट, में फाइनल मुकाबलों के साथ समापन हुआ। दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आयोजन में हुए इस टूर्नामेंट में दक्षिण अंडमान जिले के विभिन्न गांवों और पंचायतों की टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग के फाइनल में ग्राम पंचायत मिठाखाड़ी ने ग्राम पंचायत गुप्तापाड़ा को 25–20 और 25–19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला

वर्ग में वॉलीगर्ल्स ने स्टॉर्म ब्रेकर्स को 15–07 और 15–03 से पराजित कर जीत हासिल की। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग और पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। टूर्नामेंट के सफल आयोजन ने युवाओं और समुदायों को खेल के माध्यम से एक साथ आने और मादक प्रदार्थों के सेवन से हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

<><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए गृह विज्ञान विषय में अतिथि शिक्षक पैनल के गठन हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास संबंधित विषय में कम से कम पचपन प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री और यू जी सी नेट योग्यता होना अनिवार्य है। पी एच डी उपाधि धारकों को नेट की अनिवार्यता से छूट दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन 14 अगस्त तक महाविद्यालय के प्राचार्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

शहीद द्वीप निवासी साठ वर्षीय अमीश नामक मरीज का तीस जुलाई को जी.बी. पंत अस्पताल में निधन हो गया था। उनका शव फिलहाल अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। अस्पताल प्रशासन ने परिजनों, रिश्तेदारों और गैर सरकारी संगठनों से शव की पहचान कर उस पर दावा करने की अपील की है। दावा नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार शव का अंतिम निस्तारण कर दिया जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय सेना द्वारा बफेल रेंज और चिंथे लोंग रेंज में फायरिंग अभ्यास किए जाने के चलते आज सुबह साढे नौ बजे से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जएगा। आम जनता से अपील की गई है कि फायरिंग अभ्यास के दौरान निर्धारित क्षेत्रों में प्रवेश न करें और सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें।

<><><><><><>